# मोनिका गोल्ड कंपनी के 358 नकली पाइप बरामद



Publish Date:Sun, 22 Nov 2020 12:07 AM (IST)Author: **Jagran**

*एक दुकान पर मोनिका गोल्ड कंपनी के नाम से नकली पाइप बेचे जा रहे थे।*

बागपत, जेएनएन। एक दुकान पर मोनिका गोल्ड कंपनी के नाम से नकली पाइप बेचे जा रहे थे। पुलिस ने दुकान और गोदाम पर छापा मारकर प्लास्टिक के नकली 358 पाइप बरामद किए। गोदाम सील कर आरोपित को हिरासत में लिया है।

गाजियाबाद के नंद ग्राम निवासी अनुराग चौहान ने बताया कि वह ब्रांड एंड फेक ओमेक्स स्क्वायर जसौला, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली में फील्ड आफिसर हैं। अनुराग चौहान ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि अनुज कुमार पुत्र रामपाल सिंह की बड़ौत ब्लाक के पास बावली रोड पर राम बोरिग के नाम से फर्म है। सूचना मिली कि वह अपनी दुकान पर अवैध रूप से मोनिका गोल्ड कंपनी के नकली पाइपों की बिक्री कर रहा है। शनिवार को वह पुलिस को साथ लेकर राम बोरिग सेंटर पहुंचे। दुकान पर अनुज कुमार निवासी पट्टी गोपी, बावली मिला। दुकान में मोनिका गोल्ड के पांच इंच के चार तथा चार इंच के छह पाइप मिले। इसके बाद वह अनुज को साथ लेकर बावली गांव में उसके गोदाम पर पहुंचे। गोदाम में 358 नकली पाइप बरामद हुए।

कोतवाल अजय कुमार शर्मा ने बताया कि अनुज कुमार को हिरासत में लेकर गोदाम सील कर दिया है। गोदाम से 358 पाइप बरामद हुए हैं। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस के सिपाही के मकान से लाखों की चोरी

ग्राम काठा में दिल्ली पुलिस के सिपाही के मकान से चोरों ने 1.5 लाख रुपये की नगदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी किया। घटना का कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

ग्राम काठा निवासी कपिल चौधरी, दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। उनके मकान की छत पर बने कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने 1.5 लाख रुपये नगद, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिया। स्वजन कमरे में गए तो सामान बिखरा हुआ मिला और उक्त सामान गायब मिला। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित कांस्टेबल ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया। उधर विवेचक एसआइ रविंद्र कुमार का कहना है कि केस की विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bagpat-duplicate-pipe-21087316.html